# चुनावी दंगल पर चर्चा

अटल हिंद/योगेश गर्ग

इस समय हरियाणा मे चुनावी सरगर्मी तेज है। नेता हर रोज पार्टी बदल रहे है। भाजपा में भी इस समय कई दलबदलु नेता बगावत के सुर बोल रहे है। इसी के चलते भाजपा नेता व अग्रवाल वैश्य समाज के चैयरमैन देवेंद्र गुप्ता से राजनैतिक चर्चा की।

**प्रश्न**-चेयरमैन साहब आपकी बल्लभगढ से भाजपा की विधानसभा की टिकट को लेकर एक सरगर्मी सी है। क्या यह सही है की आपने टिकट की मांग की है?

**उत्तर**- योगेश जी मैं भाजपा का एक निष्ठावान कार्यकर्त्ता के साथ एक व्यापारिक परिवार से हूं और साथ ही स्वयं भी एक सफल व्यापारी हूं मुझे राजनीति में ज्यादा शौक नहीं पर पार्टी कोई जिम्मेदारी देती है तो उसे जरूर निभाऊंगा। आलाकमान द्वारा मुझसे पूछा गया कि आपको टिकट चाहिए तो मैंने कहा कि मुझे टिकट की कोई लालसा नहीं है, परंतु पार्टी कोई भी जिम्मेदारी देती है तो उसे निभाने मे बिल्कुल पीछे नहीं हटूंगा।

**प्रश्न**-चेयरमैन साहब बल्लभगढ से आपके अलावा किसी और को टिकट मिलती है तो आपका कितना साथ रहेगा?

**उत्तर**- योगेश जी मैंने पहले ही कहा है मुझे टिकट की कोई लालसा नहीं है मेरे लिए पार्टी सबकुछ है। भाजपा की किसी भी नेता को टिकट मिलती है तो मैं तन मन धन से उस प्रत्याशी की मदद करूंगा और बल्लभगढ़ में लगातार तीसरी बार कमल खिलाने के लिए जो बन सकेगा वो करूंगा।

**प्रश्न**-आपके हिसाब से इस बार भी भाजपा 46 का आंकड़ा छूकर अपने दल को बहुमत दिलाने में सफल हो पायेगी

**उत्तर**- योगेश जी, बेशक हम तीसरी बार हरियाणा में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। मुख्यमंत्री सैनी जी ने पिछले कुछ दिनों में किसान, मजदूर और अन्य हरियाणावासियो की सभी समस्याओं को समझ कर निदान करने का काम किया है। विकास की इस प्रगति को देखने के बाद एक बयार सी भाजपा की ओर आम नागरिक को खींच रही है और निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सभी जिम्मेदार नागरिकों को इस लोकतंत्र रूपी हवन में अपनी वोट रूपी आहुति डाल कर इसे सफल बनाना चाहिए।

खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करे,योगेश गर्ग (संपादक अटल हिन्द)-9891096150